पुलिस लाइन में चोरी करने वाले दो चोर गिरफ्तार

आरोपियों के कब्जे से माल बरामद, गये जेल

नवभारत न्यूज

पन्ना 27 नवंबर। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में थाना कोतवाली पन्ना में गठित पुलिस टीम द्वारा थाना कोतवाली पन्ना में पुलिस लाइन पन्ना के शासकीय आवास में हुई चोरी के मामले में 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया मशरूका जप्त किया गया है।

मामले में दिनांक 25 नवंबर को फरियादिया द्वारा थाना कोतवाली पन्ना में रिपोर्ट की गई कि मैं दिनांक 20 नवंबर को अवकाश गई थी। जब मैं अवकाश से वापस आई तो मेरे शासकीय आवास एच-9, पुलिस लाइन पन्ना का ताला टूटा हुआ था तथा गोदरेज अलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली पन्ना में धारा 331(4), 305। बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना निवेदिता नायडू के निर्देशन मे थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा मामले में 02 संदिग्ध व्यक्तियों को चिन्हित किया जाकर पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ की गई।

पूँछताछ पर संदेहियों द्वारा अपने साथ एक विधिविरूद्ध बालक की मदद से घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के बताये अनुसार आरोपियों के कब्जे से चोरी किये गये सोने चाँदी जेवरात कुल कीमती करीब 1 लाख 40 हजार रूपये के जप्त किये जाकर मामले में 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर मामले में शामिल विधि विरूद्ध बालक को पुलिस अभिक्षा में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा मामले में आरोपी दीपक उर्फ आकाश वर्मन, पिता रामसरोज वर्मन, उम्र 19 वर्ष निवासी मुडवारी, थाना पवई, जिला पन्ना (वर्तमान निवासरू खेजड़ा मंदिर के पीछे, पन्ना) एवं मनोज वर्मन, पिता वैजनाथ वर्मन, उम्र 34 वर्ष, निवासी जगत चैकी, पन्ना को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। विधिविरुद्ध बालक को बाल न्यायालय में प्रस्तुत कर बाल संप्रेषण गृह छतरपुर भेजा गया है।

अजयगढ़ में आयोजित किया गया यातायात जागरुकता अभियान

नवभारत न्यूज

पन्ना 27 नवंबर। पुलिस मुख्यालय भोपाल के मार्गदर्शन तथा पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में पन्ना जिले में 26 नवंबर से 10 दिसम्बर तक बृहद यातायात जागरूकता, साइबर सुरक्षा जागरूकता एवं सघन यातायात चेकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है।

अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन को सुरक्षित यातायात नियमों, ऑनलाइन सुरक्षा उपायों एवं आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सहायता की व्यवस्थाओं के प्रति संवेदनशील एवं जागरूक बनाना है। अभियान के प्रमुख उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना। यातायात नियमों के पालन के प्रति नागरिकों को प्रेरित करना। युवाओं और छात्र - छात्राओं को साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन गेमिंग जोखिम, सोशल मीडिया सुरक्षा आदि के प्रति जागरूक करना।

राहवीर योजना के माध्यम से आपात स्थिति में घायलों की मदद के महत्व को बताना। जिले में समग्र सुरक्षा वातावरण को मजबूत बनाना। अजयगढ़ थाना क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम अभियान के तहत अजयगढ़ थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी अजयगढ़ बखत सिंह ठाकुर द्वारा शासकीय महाविद्यालय एवं जय स्तंभ परिसर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों द्वारा दोपहिया वाहन चालकों के लिए अनिवार्य हेलमेट उपयोग, चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का पालन, तेज रफ्तार एवं ओवरटेकिंग से होने वाली दुर्घटनाओं का खतरा नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने की सख्त हिदायत, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों को साइबर फ्रॉड से बचने के टिप्स, राहवीर योजना के तहत घायल व्यक्तियों को अस्पताल तक सुरक्षित पहुँचाने की प्रक्रिया, जनता को यातायात पुलिस की हेल्पलाइन एवं आपातकालीन सेवा (112) की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं, स्थानीय नागरिकों एवं व्यापारी वर्ग ने भाग लिया।

जनहित में संचालित सघन चेकिंग अभियान, अभियान अवधि के दौरान जिलेभर में पुलिस टीम द्वारा प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों, चैक-चैराहों पर यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जा रहा है।

छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना में विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन

नवभारत न्यूज

पन्ना 27 नवंबर। छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में दिनांक 27 नवंबर को विधि साक्षरता कार्यक्रम का भव्य आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ एस. डी. चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रुपेश शर्मा, प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय, पन्ना; विशिष्ट अतिथि राजकुमार गौंड़, व्यवहार न्यायाधीश एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पन्ना; तथा विशिष्ट अतिथि अतुल सेन, जिला विधिक सहायता अधिकारी, पन्ना के साथ प्राचार्य डॉ एस. डी. द्वारा मां वीणा वादिनी के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ। स्वागत भाषण देते हुए प्राचार्य डॉ एस. डी. चतुर्वेदी ने कहा कि विद्यार्थियों को विधिक जागरूकता प्रदान करना समय की आवश्यकता है, जिससे वे अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों को समझते हुए समाज के प्रति उत्तरदायी नागरिक बन सकें। डॉ चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे तकनीक के विवेकपूर्ण उपयोग के साथ नैतिक आचरण को अपनाएँ, जिससे उनका व्यक्तित्व विकास हो सके।

मुख्य अतिथि रुपेश शर्मा ने कहा कि हम अधिकारों के प्रति तो सजग रहते हैं, लेकिन कर्तव्यों की अनदेखी कर देते हैं, जबकि एक आदर्श नागरिक के लिए अधिकार और कर्तव्य दोनों का पालन आवश्यक है। उन्होंने व्यक्तित्व निर्माण, परिवारों के विखंडन के कारणों, युवाओं पर मोबाइल के दुष्प्रभाव, मल्टीमीडिया उपयोग, साइबर अपराध, ब्लैकमेलिंग तथा मोबाइल के मिसयूज़ जैसे विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि लैंगिक अपराधों में मोबाइल के दुरुपयोग की भूमिका तेजी से बढ़ रही है, इसलिए युवा वर्ग सतर्क रहें। विशिष्ट अतिथि राजकुमार गौंड़ ने विद्यार्थियों को विधि के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया और आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक विषयों पर चर्चा कर उन्हें प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि अतुल सेन ने कहा कि तथ्य का न जानना क्षम्य है, लेकिन कानून का न जानना क्षमा योग्य नहीं। बचाव ही सबसे बड़ा उपाय है। उन्होंने विधिक जागरूकता को सुरक्षा का मूल आधार बताया। कार्यक्रम का विषय प्रवर्तन एवं संचालन स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के संयोजक डॉ बी. एन. जायसवाल द्वारा किया गया।

चारा से लोड ट्रेक्टर-ट्राली में भड़की आग

नवभारत न्यूज

देवेंद्रनगर/पन्ना 27 नवंबर। पन्ना जिले के देवेंद्रनगर थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 39 में सतना रोड राममंदिर के पास भयानक घटना सामने आई जहां अज्ञात कारणों के चलते चारा भूसे से लोड ट्रैक्टर-ट्राली में भीषण आग लग गई।

देखते ही देखते ट्रैक्टर-ट्राली आग का गोला बन गई। जिसे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। बताया जा रहा है कि घटना श्रीराम मंदिर के पास हुई। किसी तरह चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। हालांकि घटना में कोई भी हताहत नही है। लेकिन व्यस्ततम क्षेत्र में इस तरह की भयानक घटना ने लोगो को दहशत में डाल दिया है। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर-ट्राली चालक देवेंद्रनगर स्थित खेत से ओवरलोड चारा भूसा लोड कर अपने गांव दौवनटोला की ओर ले जा रहा था। तभी अज्ञात कारणों के चलते चारा भूसे में आग लग गई और देखते ही देखते ट्राली में लोड चारा भूसा धु-धु कर जलने लगा। वही जनकारी लगने के बाद फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक चारा जलकर खाक हो गया था। वही जेसीबी मशीन व स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरह ट्राली में लोड चारा को सड़क में गिरा दिया वरना ट्रेक्टर में भी आग लग सकती थी। वहीं दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद भीषण आग पर काबू पाया गया।

मतदाता सरलता से दर्ज कर सकते हैं विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित शिकायतें

नवभारत न्यूज

पन्ना 27 नवंबर। मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़ी अपनी सभी शिकायतें सरल, पारदर्शी और प्रभावी माध्यमों से दर्ज करा सकते हैं, जिनके समयबद्ध समाधान की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। फॉर्म वितरण, डाटा सत्यापन, बीएलओ संपर्क, मतदाता सूची त्रुटियों और अन्य निर्वाचन कार्यों से संबंधित शिकायतों के लिए प्रदेश में व्यापक शिकायत निवारण प्रणाली संचालित है।

मतदाता अपनी शिकायतें राष्ट्रीय मतदाता हेल्पलाइन 1950 पर कॉल करके दर्ज करा सकते हैं, जो एक टोल-फ्री सेवा है। शिकायत दर्ज होते ही कॉल करने वाले को एक टोकन आईडी प्रदान की जाती है, जिसके माध्यम से वह बाद में अपनी शिकायत की स्थिति ट्रैक कर सकता है। ऑनलाइन सुविधा के रूप में राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल में भी शिकायत पंजीकृत की जा सकती है, जहां पोर्टल के कम्प्लेंट सेक्शन में जाकर शिकायत का प्रकार चुनने, आवश्यक दस्तावेज़ अपलोड करने और सबमिट करने पर यह शिकायत सीधे जिला या राज्य निर्वाचन कार्यालय तक पहुंच जाती है और उसका निवारण तय समय-सीमा में किया जाता है। प्रत्येक जिले में कलेक्टर, ईआरओ, एईआरओ और निर्वाचन शाखा के माध्यम से भी मतदाता लिखित शिकायतें जमा कर सकते हैं।

ककरहटी स्कूल में हुआ यातायात जागरुकता अभियान

नवभारत न्यूज

पन्ना 27 नवंबर। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना सिंह चैहान के दिशा निर्देशन में थाना प्रभारी यातायात नीलम लक्षकार ने शासकीय कन्या उ0मा0 विद्यालय ककरहटी की छात्राओं को यातायात नियमों के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए सड़क किनारे लगने वाले सांकेतिक चिन्हों, रोड साईन (आदेशात्मक, चेतावनी एवं सूचनात्मक), यातायात पुलिस द्वारा दिए जाने वाले सिग्नल, चैराहो पर लगे इलेक्ट्रानिक सिग्नल के विषय में अवगत कराया साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की वर्तमान स्थिति

एवं कारणों के विषय में बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में हो रही बढ़ोत्तरी का प्रमुख कारण तेजगति गति से वाहन चलाना, नशे की हालत में वाहन चालन,उचित ब्रेकिंग डिस्टेन्स न रखना, गलत तरीके से ओवरटेक करना, बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट वाहन चलाना, मोबाइल पर बात करते वाहन चलाना, ओवर लोडिंग वाहन एवं खराब सड़के रोड एक्सीडेन्ट के लिए जिम्मेदार हैं इनसे बचने के लिए यातायात नियमों का पालन कर निर्धारित गति में वाहन चालन, हेलमेट, सीट बेल्ट जैसे इक्युमेण्ट का उपयोग करना चाहिए। सड़क दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति को तुरंत अस्पताल पहुंचाना चाहिए ताकि उसकी जान बच सके इसके लिए बच्चों को राह वीर योजना के बारे में भी बताया गया कि पीड़ित व्यक्ति की मदद करने पर शासन द्वारा 25000 रूपये का ईनाम भी दिया जाता है।

राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र ने जीता कांस्य पदक

नवभारत न्यूज

पन्ना 27 नवंबर। हाल ही में आयोजित मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी खेल कैलेंडर के परिपालन में राज्य स्तरीय जूडो पुरुष प्रतियोगिता शासकीय कन्या पी जी महाविद्यालय छतरपुर के क्रीड़ा विभाग द्वारा संपन्न कि गई।

उक्त प्रतियोगिता में सागर संभाग दल का प्रतिनिधित्व छत्रसाल शासकीय पी जी महाविद्यालय पन्ना के छात्र पीयूष विश्वकर्मा के द्वारा किया गया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में छात्र ने उम्मीद से बढ़कर शानदार खेल का प्रदर्शन किया तथा पुरुष वर्ग में पीयूष विश्वकर्मा ने अपने भार वर्ग में कांस्य पदक ,जीतकर महाविद्यालय एवं पन्ना जिले का नाम राज्य स्तर पर रोशन किया है।

इस दल में मैनेजर के रूप में शासकीय कन्या पी जी महाविद्यालय छत्तरपुर के क्रीड़ा अधिकारी डॉक्टर वीरेन्द्र कुमार सोनी एवं कोच के रूप में पन्ना जिले के जूडो खेल में राष्ट्रीय खिलाड़ी सुखपाल सिसोदिया एवं सिद्धार्थ बघेल रहे। राज्य स्तर में चयनित खिलाड़ी आगामी समय में आयोजित होने वाले अंतर विश्वविद्यालय स्तर की प्रतियोगिता में भी सहभागिता करेंगे। छात्र की इस स्वर्णिम सफलता पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.डी.चतुर्वेदी द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया ,साथ ही सभी छात्रों को भविष्य में होने वाली खेल प्रतियोगिता में बेहतर खेल की शुभकामनाएं प्रेषित की।

भू माफिया बेखौफ, खरीदार ठगे गये

कॉलोनी के सपने दिखा कर विक्रेताओं ने नहीं दी कोई सुविधा

नवभारत न्यूज

अजयगढ़/पन्ना 27 नवंबर। कुलियाना मोहल्ला स्थित वाई.के.-7 क्षेत्र में आराजी नंबर 311 पर फर्जी कॉलोनी बनाकर प्लॉट बेचने का बड़ा मामला सामने आया है।

शिकायतकर्ता अशोक द्विवेदी ने आरोप लगाया कि कॉलोनी विकसित करने के नाम पर नाली, सड़क, पार्किंग, मंदिर और पानी की सुविधा देने का दावा किया गया, लेकिन जैसे ही प्लॉट बिके सभी सुविधाएँ गायब हो गईं और मौके पर नक्शे के उलट निर्माण दिखा। इस बार 70म70 वर्गफुट का पार्क दिखाकर प्लॉट बेच दिए गए, जबकि वही जमीन बाद में गुपचुप तरीके से बेच दी गई। सड़क एक दिशा में दिखाई गई थी, जबकि मौके पर बीच में ही खत्म कर दी गई। खरीदारों को झूठे वादों, भ्रामक नक्शों और गुमराह करने वाले बयानों के जरिए ठगा गया। लोगों का कहना है क्या बिना लाइसेंस कॉलोनी विकसित करना, नक्शा बदलना, पार्क की जमीन बेचना सब कुछ अधिकारियों की जानकारी में नहीं आया? पीड़ितों ने एसडीएम और कलेक्टर से मांग की है कि पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कर कॉलोनी माफिया गिरोह पर कठोर कार्रवाई की जाए, क्योंकि यदि इस रैकेट पर अंकुश नहीं लगा तो अजयगढ़ में अवैध कॉलोनी निर्माण और जमीन धोखाधड़ी तेजी से बढ़ती जाएगी।

इनका कहना हैं

अशोक द्विवेदी ने तहसील कार्यालय में एक शिकायती पत्र दिया है जिसकी आर आई पटवारी से जांच करवा कर सही पाए जाने पर उचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी

सुरेंद्र कुमार तहसीलदार अजयगढ़।

जनपद के बीआरसी भवन में मनाया गया संविधान दिवस

संविधान उद्देशिका का किया गया वाचन,ली गई संविधान दिवस की शपथ

नवभारत न्यूज

पवई 27 नवम्बर। प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। संविधान दिवस पर देश भर में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए,साथ ही संविधान की शपथ ली गई।

इसी कड़ी में पवई जनपद पंचायत के बीआरसी भवन में जनपद अध्यक्ष श्रीमती मोहनी आनंद मिश्रा के तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया,संविधान के उद्देश्यों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई एवं उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधियों के द्वारा संविधान की उद्देशिका का वाचन करने के साथ उसका अनुपालन करने की शपथ ली गई।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया,जनपद सदस्य कमलेश तिवारी जमुना खटीक सहित जनपद के अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि पत्रकारगण मौजूद रहे। बता दें कि देश का संविधान संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को अपनाया था,जो 26 जनवरी 1950 से लागू हुआ था। संविधान का दूसरा नाम राज्य का मूल कानून या मौलिक कानून भी कहा जाता है,क्योंकि यह किसी भी देश या संगठन के लिए बुनियादी सिद्धांतों और कानून का एक संग्रह होता है। भारत के संदर्भ में भारतीय संविधान इसका आधिकारिक नाम है, लेकिन इसे लोकतंत्र का संविधान या सर्वोच्च कानून जैसे अन्य नाम से भी जाना जाता है।

थाना प्रभारी पवई ने दी विद्यार्थियों को साइबर अपराध,महिला अपराध संबंधी जानकारियां

नवभारत न्यूज

पवई 27 नवम्बर। मध्य प्रदेश गृह विभाग के आदेश अनुसार पूरे प्रदेश में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत पन्ना जिले में पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के निर्देश पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें महिलाओं के प्रति अपराध, साइबर अपराध इत्यादि के बारे में जानकारी दी जा रही है।

इसी के तहत गुरुवार को थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी ने नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय महाविद्यालय में पहुंचकर विद्यार्थियों एवं छात्राओं को महिला अपराध,छोटी बच्चियों के प्रति होने वाले अपराध,साइबर अपराध यातायात नियमों इत्यादि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने सभी से यह अपील भी कि यदि किसी को गुमा हुआ या पड़ा हुआ मोबाइल मिलता है तो उसे थाना में जमा करें,इसके अलावा शासन की महत्वाकांक्षी गुड राहवीर योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि उन्होंने बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति कहीं आपको दुर्घटनाग्रस्त मिलता है तो उसे तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में पहुचाएं शासन के निर्देश अनुसार घटना स्थल से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र तक ले जाने वाले व्यक्ति को शासन के द्वारा 25 हजार की राशि से पुरस्कृत किया जाएगा।

तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तहत विद्यालयों में जागरूकता गतिविधियों का आयोजन

नवभारत न्यूज

पन्ना 27 नवंबर। कलेक्टर पन्ना श्रीमति उषा परमार के निर्देशन में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत पन्ना जिले में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 को लेकर विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में व्यापक स्तर पर जागरूकता गतिविधियो का आयोजन किया जा रहा है।

इस अभियान का उद्देश्य बच्चो और युवाओ को तंबाकू के दुष्परिणामों से अवगत कराना और उन्हें नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करना है इसी क्रम में जिले के विभिन्ने विद्यालयो में पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, रैली, का आयोजन किया गया। जिला तंबाकू नियत्रंण नोडल अधिकारी डॉ हेमंत चैरहा द्वारा विद्यार्थियो को तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य नुकसान के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई। स्कूल परिसरों में तंबाकू निषेध शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षको, विद्यार्थियो द्वारा 'तंबाकू छोडो, जीवन से नाता जोडो' की शपथ ली गई एवं संकल्प लिया गया कि वे स्वयं तंबाकू का सेवन नही करेगे और दूसरो को नशामुक्त जीवन अपनाने हेतु प्रेरित करेगे।

दुल्हन के चढ़ावे में सात की जगह 21 साड़ियों का बढ़ा चलन, दुकानों पर खरीदारों की भीड़

नवभारत न्यूज

पन्ना 27 नवंबर। वैवाहिक और मांगलिक कार्य शुरू हो गए हैं। इसलिए बाजार में शादी विवाह की खरीदारी होने लगी है। कोई आभूषण की बुकिंग करा रहा है, तो कोई उपहार में देने के लिए जेवरात और अन्य गिफ्ट आयटम खरीद रहा है। पिछले लंबे समय से ठंडा पड़ा बाजार अब शादियों के सीजन से गुलजार होने लगा है। लोग गहने, कपडे और फर्नीचर की खरीददारी कर रहे हैं।

दरअसल वैवाहिक कार्यक्रम के चलते बाजार में जमकर सामान की खरीददारी होने लगी है। पहले विवाह के दौरान वर पक्ष की ओर से दुल्हन को चढावा के रूप में अधिकतम 7 साडियां चढ़ाने का चलन था। लेकिन समय बदलने के साथ ही 11 और 21

साड़ियों का चलन हो गया है। शहर के रवि यादव बताते हैं कि कुछ साल पहले तक दुल्हन को चढ़ावा के रूप में अधिकतम 7 साड़ियां चढ़ाने की परंपरा थी। लेकिन अब लोग दुल्हन को 11 और 21 साड़ियों चढ़ावा के रूप में चढ़ाने लगे हैं। घनश्याम शर्मा बताते हैं कि पहले और अब में विवाह के तरीके में बहुत कुछ बललाव आ गया है। जिसके चलते उन्होंने अपनी बहु को चढाए जाने वाले चढ़ावा के लिए 11 साड़िया खरीदनी पडी थी। जिसे परिवार की महिलाओं को खरीदने में पूरा दिन लग गया।

सौंदर्य प्रसाधनों की खरीददारी बढी:- शादी विवाह का सीजन शुरू होने से सौंदर्य प्रसाधनों की खरीदारी भीड उमड रही है। चूडा चूडियों और सौंदर्य प्रसाधनों की खरीदारी के लिए महिलाएं बडी संख्या मे पहुंच रही है। चूडी बेचने वाले दुकानदारों ने बताया कि बाजार में कांच की चूडियां और लाख के बने चूडे 500 से लेकर 7 हजार रूपये तक की रेंज में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि शहर में चूडे और सौंदर्य प्रसाधनों की अनुमानित बिक्री रोजाना 15 से 20 लाख रूपये तक हो रही है। इसके अलावा ब्यूटी पार्लर पर भी महिलाओं की भीड़ हो रही है।

शादियों के चलते शराफा बाजार में पहुंच रहे खरीददार:- पिछले कुछ महीनों से सुस्त पडे साराफा बाजार मे चमक आ गई है। ग्राहकों की भीड देखी जा रही है। लोग अपनी जरूरत के अनुसार सोना चांदी के आभूषणों की खरीदारी करते दिखाई दे रहे हैं। सराफा व्यवसायी ने बताया महंगाई के चलते सोना चांदी खरीदने वाले लोगों में ज्यादातर वे हैं, जिन्हें अपने बेटे बेटी की शादी करनी हैं या फिर दुल्हन को उपहार देने वाले रिश्तेदार हैं।

बर्तनों की दुकानों में दिखने लगी भीड़

शादी विाह का सीजन होने के कारण शहर के मुख्य बाजार मे बर्तनों की दुकानों में अच्छी भीडी है लोग पीतल के बर्तनों की खरीदारी कर रहे हैं बर्तन व्यवसायी बताते हैं कि सीजन मे बर्तन का कारोबार 30 लाख से अधिक होने की संभावना हैं। शादी वालों की मांग पर शहर में किराना कारोबार 10 लाख रूपये से बढ़कर प्रतिदिन 30 लाख रूपये तक पहुंच गया है। इसलिए किराने की दुकानों पर सुबह से देर रात तक ग्राहकों की भीड़ पहंच रही है।

कपड़ा बाजार में उमड रही भीड, रोज लाखों की बिक्री

विवाह सीजन के चलते कपडा बाजार में ग्राहकों की भीड उमड रही है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग बडी संख्या में अपने परिवार के साथ खरीदारी करने शहर पहुंच रहे है। शहर के बडा बाजार, कटरा बाजार एवं अजयगढ़ चैराहा मे स्थित दुकानों में ग्राहकों की भीड देखी जा रही है एक कपड़े व्यवसायी ने बताया कि वैवाहिक सीजन के चलते कपड़े का कारोबारा चलना शुरू हो गया है। इस साल अनुमान है कि शहर में कपड़े की बिक्री का आंकडा रोजाना लगभग 20 लाख रूपये तक पहुंच रहा है।